RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 15 जून 2025 | वर्ष 07 | अंक 57 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई : मुझे भी डर लग रहा था लेकिन, डरने की आवश्यकता नहीं है - आठवले




Page - 2

# महाराष्ट्र में नहीं थम रहे कोरोना के मामले...
## 53 आए नए केस, इतने लोगों की गई जान



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में कोरोनावायरस थमने का नाम नहीं ले रहा है. महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 53 नए मामले सामने आए, जिससे इस साल सामने आए कुल मामलों की संख्या 1,967 हो गई. स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक दो कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो गई. इसके बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 27 हो गई. एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन नए मामलों में से 24 मुंबई में, 11 पुणे शहर में, पांच ठाणे में, तीन पिंपरी चिंचवाड़ (पुणे के पास), सांगली शहर, जिले के ग्रामीण हिस्सों, नागपुर शहर और पुणे जिले में दो-दो और नवी मुंबई टाउनशिप और रायगढ़ जिले में एक-एक मामला सामने आया. इसमें कहा गया है कि शुक्रवार को दो मौतें हुई हैं, जिससे इस वर्ष राज्य में कुल मृत्यु संख्या 27 हो गई है. मृतकों में से 26 अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे. एक जनवरी से महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के लिए 21,067 सैंपल की जांच की गई है. विभाग ने बताया कि मुंबई में जनवरी से अब तक कुल मरीजों की संख्या 829 हो गई है, जिनमें से सबसे अधिक 823 मामले अकेले मई में दर्ज किए गए.

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 269 नए मामले सामने आए. सबसे ज्यादा कर्नाटक में 132 केस दर्ज किए गए. उसके अलावा गुजरात में 79 लोग कोविड से संक्रमित हुए हैं. केरल में 54, मध्य प्रदेश में 20, तमिलनाडु में 12, सिक्किम में 11, हरियाणा में 9, छत्तीसगढ़ में 8, राजस्थान में 7, असम में 6, बिहार में 5, मणिपुर में 3, ओडिशा-त्रिपुरा और गोवा में दो-दो, झारखंड और उत्तराखंड में एक-एक कोविड केस मिला.

# फडणवीस सरकार का बड़ा फैसला,
## आषाढी वारी के दिंडियों को देगी 20,000 रुपये अनुदान...



**मुंबई:** आषाढी वारी में भाग लेने वाले वारकरियों के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार 10 प्रतिष्ठित पालकियों के साथ चलने वाली 1109 दिंडियों को प्रतिदिन दिंडी 20,000 रुपये अनुदान देगी। इस संबंध में सरकार ने शासनादेश जारी किया है। वैसे, पिछले साल भी तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पालकी में भाग लेने वाले प्रत्येक दिंडी के लिए 20,000 रुपये की आर्थिक मदद दी थी।


**कितना मिलेगा अनुदान ?**

विभागीय आयुक्त ने साल 2023-24 में 1109 दिंडी की एक लिस्ट राज्य सरकार को दी थी। पिछले साल की तरह इस साल भी पंढरपुर में आषाढ़ी एकादशी यात्रा के लिए 10 प्रतिष्ठित पालकियों के साथ चलने वाली 1109 दिंडी को प्रतिदिन 20 हजार रुपये अनुदान देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर पंढरपुर की दिशा में निकले लाखों वारकरियों के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा कक्ष 'चरणसेवा' उपक्रम लागू करेगी।

**5 हजार चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी होंगे तैनात**

नाशिक, जालना, सातारा, सोलापुर और पुणे जिले से निकली पालकियों में शामिल होने वाले वारकरियों के स्वास्थ्य की जांच, इलाज और चरण सेवा करने के लिए तकरीबन 5 हजार चिकित्सा अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सरकार के आदेश के अनुसार, वारकरियों की दिंडी के लिए 43 स्थानों पर रुकने की व्यवस्था की गई है। इन स्थानों पर चरण सेवा की जाएगी और वहां सुसज्जित चिकित्सा जांच केंद्र बनाए गए हैं।

# नवी मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा शहर के निर्माण की तैयारी




**मुंबई:** महाराष्ट्र की महायुति सरकार नवी मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा शहर के निर्माण की तैयारी कर रही है। राज्य सरकार की पहल ''मुंबई राइजिंग-क्रिएटिंग ऐन इंटरनेशनल एज्युकेशन सिटी'' के तहत पांच विश्व प्रसिद्ध विदेशी विश्वविद्यालयों को मुंबई और नवी मुंबई में अपने परिसर स्थापित करने के लिए आधिकारिक तौर पर आशय पत्र (एलओआई) दिए जाएंगे। इनमें एबरडीन विश्वविद्यालय, यॉर्क विश्वविद्यालय, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय, इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और इस्टिट्यूटो यूरोपियो डी डिजाइन (आईईडी) शामिल हैं। आशय पत्र (एलओआई) समारोह शनिवार (14 जून 2025) को दोपहर 12 बजे मुंबई स्थित ताज महल पैलेस होटल में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल भी मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र सरकार के मार्गदर्शन में सिडको द्वारा स्थापित की जा रही यह अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा पूरे भारत में छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा का अवसर प्रदान करेगी।

# पुणे, सांगली, रायगढ़, सतारा, कोल्हापुर, और ठाणे जिलों में भारी बारिश की चेतावनी



**मुंबई:** महाराष्ट्र में एक बार फिर बारिश की जोरदार वापसी हुई है। पिछले दो दिनों से राज्य के कई हिस्सों में जोरदार बारिश हो रही है। अब क्टऊ( भारतीय मौसम विभाग) ने अगले 24 घंटों में पुणे, सांगली, रायगढ़, सतारा, कोल्हापुर, और ठाणे जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। साथ ही बारिश के साथ कई जिलों में आंधी तूफान के साथ बिजली और गरज की भी संभावना है।

मौसम विभाग ने 14 और 15 तारीख को ठाणे, रायगढ़ और रत्न ागिरी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। सिंधुदुर्ग जिले में 14 से 16 जून तक बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किमी प्रति घंटे रहने की संभावना है। शनिवार के लिए धुले और नंदुरबार जिलों के लिए भी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**मुंबई में बारिश**

दिनभर मुंबई में आसमान में बादल छाए रहे। आखिरकार शाम के समय मुंबई और कुछ उपनगरों में जोरदार बारिश हुई। थोड़ी देर हुई बारिश से वातावरण में ठंडक फैल गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। दूसरी ओर, सांगली में भी पिछले दो दिनों से बारिश जारी है।बारिश के कारण कई नदियों और नालों में पानी का स्तर बढ़ गया है और बाढ़ जैसे हालात दिखने लगे हैं। इससे किसानों को राहत मिली है और खेती के काम में तेजी आने की उम्मीद है। इस साल

राज्य में मानसून ने समय से पहले दस्तक दी है। आमतौर पर मानसून हर साल लगभग 7 जून को महाराष्ट्र में प्रवेश करता है, लेकिन इस बार यह 12 दिन पहले यानी 25 मई को ही पहुंच गया। उसके बाद चार से पांच दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई और महाराष्ट्र को अच्छी खासी भीगावट मिली। हालांकि, बारिश के चलते किसानों की बुवाई से पहले की खेती संबंधी तैयारियों में थोड़ी देरी हुई।

# नवी मुंबई में फैक्ट्री में कार्बन मोनोऑक्साइड के रिसाव के बाद 26 लोग अस्पताल में भर्ती

**नवी मुंबई :** वाशी में एक औद्योगिक इकाई में बिजली जाने और जनरेटर में खराबी के कारण कार्बन मोनोऑक्साइड निकलने के बाद कई महिलाओं सहित 26 मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। तुर्भे एमआईडीसी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि मजदूरों ने मतली और आंखों में जलन की शिकायत की। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बिजली की विफलता और जनरेटर में खराबी के कारण कार्बन मोनोऑक्साइड का रिसाव हुआ । फिलहाल घटना की आगे की जांच चल रही है।

## संपादकीय...



**फैसल शेख**
**(प्रधान संपादक)**

### चांदी में तेजी का दौर...

**सोने की कीमतों में तेजी के साथ ही कारोबारियों और निवेशकों ने चांदी (तथा अन्य महंगी धातुओं मसलन प्लेटिनम और वैनेडियम आदि) पर भी ध्यान देना शुरू कर दिया है। वर्ष 2024 में चांदी, डॉलर के संदर्भ में 21 फीसदी महंगी हुई जबकि सोने की कीमतें 28 फीसदी चढ़ी थीं। वहीं 2025 में 31 मई तक चांदी और सोना दोनों 25 फीसदी तक ऊपर गए। इस रिटर्न ने बहुत आसानी से समान अवधि में शेयर बाजार सूचकांकों के प्रतिफल को पीछे छोड़ दिया। भारतीय निवेशकों ने दोनों धातुओं में तेजी का लाभ उठाया। जून 2024 और 1 जून, 2025 के बीच भारतीय सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) के प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियों का मूल्य 125 फीसदी बढ़कर 16,866.20 करोड़ रुपये हो गया। समान अवधि में गोल्ड ईटीएफ की प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां 82 फीसदी बढ़कर 62,452.94 करोड़ रुपये रहीं। 31 मई, 2025 को करीब 8,37,000 सिल्वर ईटीएफ फोलियो थे जबकि जनवरी 2025 में इनकी संख्या 6,00,000 थी।**

**चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का संबंध सोने की कीमतों से है लेकिन दोनों धातुओं का औद्योगिक प्रोफाइल बहुत अलग है। अपने रासायनिक गुणों के कारण सोने का इस्तेमाल कई वैज्ञानिक प्रयोगों में भी होता है। हां, इसका इस्तेमाल आभूषण उद्योग में भी किया जाता है। परंतु कुल स्वर्ण उत्पादन का करीब केवल 15 फीसदी ही इन उद्देश्यों में इस्तेमाल किया जाता है। अधिकांश सोने को खरीदकर रख लिया जाता है क्योंकि इसे मुद्रास्फीति और आर्थिक अनिश्चितताओं से बचाव का बढ़िया माध्यम माना जाता है। वहीं चांदी की करीब दो-तिहाई खपत विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों में होती है।**

**चांदी ताप और बिजली की सबसे बड़ी सुचालक होती है और इसमें मजबूत एंटी बैक्टीरियल गुण भी होते हैं। इसका इस्तेमाल सेमीकंडक्टर बनाने में होता है और रासायनिक प्रक्रियाओं में उत्प्रेरक के रूप में भी। चांदी का इस्तेमाल बैटरी बनाने में, विभिन्न मिश्र धातुओं में, सौर ऊर्जा में, सेलफोन की टच स्क्रीन में तथा जल शोधक संयंत्रों में भी होता है। इनमें से कई उद्योगों की वृद्धि प्रोफाइल मजबूत है और चांदी में निवेश करने वालों को औद्योगिक प्रोफाइल को भी ध्यान में रखना चाहिए। अकेले सौर ऊर्जा/फोटोवोल्टिक उद्योग से उत्पन्न होने वाली मांग 12 फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ रही है। वहीं अन्य अनुप्रयोगों से भी मांग बहुत तेजी से बढ़ रही है। कमजोर वैश्विक वृहद माहौल के बावजूद चांदी की औद्योगिक मांग बरकरार है। अब तक चांदी की कीमतें कई साल के उच्चतम स्तर पर हैं। सोने की कीमतें भी रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं।**

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On
YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : बीजेपी के बीच गुटबाजी और आंतरिक विवाद

**मुंबई :** महाराष्ट्र में सत्ताधारी पार्टी बीजेपी के बीच गुटबाजी और आंतरिक विवाद एक बार फिर खुलकर सामने आ गया. मुंबई में आशीष शेलार के कांदिवली पूर्व स्थित जानुपाड़ा इलाके के दौरे के दौरान भाजपा कार्यकताओं के दो गुट आपस में भिड़ गए. यह झड़प इतनी हिंसक हो गई कि मौके पर मौजूद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा. जानकारी के अनुसार, भाजपा पदाधिकारी और चुनाव समिति के सदस्य देवांग दवे और भाजपा के पूर्व पार्षद प्रकाश दरेकर (विधायक प्रवीण दरेकर के भाई) के समर्थकों के बीच कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया. स्थिति इतनी बिगड़ गई कि



पार्टी के वरिष्ठ नेता आशीष शेलार और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद दोनों गुटों के बीच मारपीट शुरू हो गई.

झड़प के बाद समता नगर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए भाजपा पदाधिकारी देवांग दवे को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया. इस घटनाक्रम ने भाजपा की अंदरूनी खींचतान को उजागर कर दिया.

इस घटना की खबर मिलते ही भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने समता नगर पुलिस थाने पहुंचकर हस्तक्षेप किया. उन्होंने पुलिस से निवेदन किया कि देवांग दवे के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज न की जाए. इसके साथ ही पार्टी नेतृत्व ने आपात बैठक बुलाई और पूरे प्रकरण की गंभीरता से समीक्षा की. पार्टी के भीतर यह भी कहा जा रहा है कि इस घटना ने भाजपा की सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाया है, खासकर जब मंत्री खुद मौके पर मौजूद थे और फिर भी ऐसी अराजकता सामने आई.

**अनुशासनात्मक कार्रवाई**

देवांग दवे ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'मैं भाजपा का अनुशासित कार्यकर्ता हूं, मेरी कोई व्यक्तिगत दुर्भावना नहीं है, लेकिन कुछ लोग पार्टी के भीतर अनुशासनहीनता फैला रहे हैं. मुझे झूठा फंसाया गया है.' वहीं, सूत्रों के अनुसार पार्टी आलाकमान ने इस विवाद को गंभीरता से लिया है और जल्द ही आरोपी नेताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है.

# मुंबई : मुझे भी डर लग रहा था लेकिन, डरने की आवश्यकता नहीं है - रामदास आठवले



**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को दुखद बताया है. उन्होंने कहा कि हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है. आईएएनएस से बात करते हुए रामदास आठवले ने कहा, ''अहमदाबाद में बेहद भयानक विमान हादसा हुआ. यह घटना मन को कष्ट देने वाली है. इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी थे, जिनका निधन हो गया. मैं इस घटना पर ज्यादा नहीं बोलना चाहूंगा. बस इतना चाहता हूं कि इसकी जांच हो और जो भी दोषी हों उन पर कार्रवाई हो. दुबारा ऐसी घटना न घटे इसके लिए एयर इंडिया को नियमावली बनानी चाहिए और इसे पालन करवाया जाना चाहिए.'

**'डरने की आवश्यकता नहीं है, हजारों फ्लाइट रोज उड़ती हैं'**

रामदास आठवले ने कहा कि हादसे के बाद जनता के मन में भय है. मैं खुद एयर इंडिया की फ्लाइट से आज ही मुंबई से दिल्ली आया हूं. मुझे भी डर लग रहा था लेकिन, डरने की आवश्यकता नहीं है. हजारों फ्लाइट रोज उड़ती हैं. घटना हो गई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है. बस इसकी जांच होनी चाहिए.

**'एयर इंडिया को अपनी विमानों की सुविधा को बढ़ाना चाहिए'**

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुछ दिन पहले एयर इंडिया की सुविधाओं को लेकर प्रश्न किया था. कंपनी ने इस पर ध्यान नहीं दिया. भविष्य में किसी भी तरह की घटना से बचने के लिए एयर इंडिया को अपनी विमानों की सुविधा को बढ़ाना चाहिए और तकनीकी रूप से मजबूत करना चाहिए.

**'सरकार ने हादसे की जांच के लिए समिति बनाई है'**

मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस हादसे की जांच रिटायर्ड जज से कराने की मांग की है इस पर रामदास आठवले ने कहा कि इस पर निर्णय प्रधानमंत्री लेंगे. फिलहाल, सरकार ने हादसे की जांच के लिए समिति बनाई है और वह अपना काम कर रही है.

**'घटनास्थल का दौरा करूंगा और पीड़ितों से मिलूंगा'**

रामदास आठवले ने कहा कि मैं घटनास्थल पर जाने वाला था. लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वहां गए हुए हैं. इसलिए मैं 15 जून को वहां जाऊंगा. घटनास्थल का दौरा करूंगा और पीड़ितों से मिलूंगा. इसके अलावा मैं विजय रूपाणी के परिजनों से भी मिलूंगा.

# मुंबई : नीट-यूजी परीक्षा के अंकों में हेराफेरी के आरोपियों की सीबीआई हिरासत 16 तक बढ़ी





**मुंबई :** स्थानीय अदालत ने नीट-यूजी परीक्षा के अंकों में हेराफेरी मामले में गिरफ्तार दो लोगों की सीबीआई हिरासत 16 जून तक बढ़ा दी। जांच एजेंसी ने कहा कि उसे बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए आरोपियों से पूछताछ करने की जरूरत है।

संदीप शाह और सलीम पटेल पर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों को प्रभावित करने के लिए अनुचित लाभ की मांग करने और स्वीकार करने का आरोप है। इन दोनों को 10 जून को गिरफ्तार किया गया था और उनकी पिछली रिमांड समाप्त होने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया। सीबीआई के अनुसार, शाह अन्य आरोपियों के साथ साजिश के तहत नीट यूजी 2025 के अभ्यर्थियों के अभिभावकों से संपर्क कर पैसों के बदले अंकों में हेरफेर का वादा कर रहा था। शाह ने प्रति अभ्यर्थी 90 लाख रुपये की मांग की थी और बाद में इसे घटाकर 87.5 लाख रुपये कर दिया था। सीबीआई ने कोर्ट में दलील दी कि पटेल ने एक उम्मीदवार से 32.50 लाख और तीन उम्मीदवारों से हवाला के जरिये 75 लाख रुपये लिए, जबकि एक उम्मीदवार को शाह नोएडा ले गया था।

# मुंबई : सेलेबी एनएएस द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 10 जुलाई तक के लिए स्थगित

**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने तुर्की स्थित कंपनी सेलेबी की भारतीय सहायक कंपनी सेलेबी एनएएस द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 10 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। यह याचिका मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा कंपनी की सेवाएं समाप्त करने के फैसले को चुनौती देने के संबंध में दायर की गई थी। जस्टिस बर्गेस कोलाबावाला और जस्टिस फिरदौस पूनावाला की पीठ को सूचित किया गया कि भारत के 7 हवाई अड्डों, जिनमें मुंबई, दिल्ली और चेन्नई शामिल हैं, ने सेलेबी और उसकी सहयोगी कंपनियों की सेवाएं समाप्त कर दी।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया, ''याचिकाकर्ता पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट और मद्रास हाईकोर्ट में समान राहत के लिए पहुंच चुके हैं। दिल्ली हाईकोर्ट में दोनों पक्षों की लंबी दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखा गया। मद्रास हाईकोर्ट ने भी कहा कि वह दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार करेगा, क्योंकि वहां दिए गए तर्क यहां की याचिका से मिलते-जुलते हैं और उसका असर अन्य सभी मामलों पर पड़ेगा।' सेलेबी की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट चेतन कपाड़िया ने भी इस अनुरोध का समर्थन किया।




कोर्ट ने अनुरोध पर विचार करते हुए कहा कि वह भी दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार करेगा और मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई को तय की। सेलेबी एनएएस एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया जो मुंबई एयरपोर्ट पर संचालन करती है, उन्होंने तीन याचिकाएं दायर की थीं - दो आर्बिट्रेशन याचिकाएं और एक रिट याचिका - जिनमें केंद्र सरकार द्वारा सुरक्षा मंजूरी रद्द करने और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा अनुबंध समाप्त करने को चुनौती दी गई।

इनमें से दो अनुबंध समाप्ति से संबंधित याचिकाएं जस्टिस सोमशेखर सुंदरासन के समक्ष और सुरक्षा मंजूरी रद्द करने को चुनौती देने वाली रिट याचिका जस्टिस कोलाबावाला की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध थी। सेलेबी का कहना है कि उसके खिलाफ लिए गए निर्णय मनमाने और गैरकानूनी हैं और इन्हें रद्द किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि भारत के नागरिक उड्डयन सुरक्षा महानिदेशालय ने हाल ही में 'राष्ट्रीय सुरक्षा' के आधार पर सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी थी। यह कार्रवाई भारत-पाकिस्तान तनाव और तुर्की द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने की पृष्ठभूमि में की गई थी। इस सुरक्षा मंजूरी की रद्दीकरण से सेलेबी की सभी सहयोगी कंपनियों पर प्रभाव पड़ा, जिससे दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट सहित कई हवाई अड्डों ने सेलेबी की सेवाएं समाप्त कर दीं। बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर याचिका में सेलेबी एनएएस एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया ने भारत के नागरिक उड्डयन सुरक्षा महानिदेशालय के सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के निर्णय को निलंबित करने और रद्द करने की मांग की है। इसके अलावा मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा किए गए ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं और ब्रिज माउंटेड इक्विपमेंट सेवा अनुबंधों के समाप्ति आदेशों को भी रद्द करने की मांग की गई। सेलेबी ने अंतरिम राहत के रूप में मांग की है कि मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को तब तक कोई अंतिम निर्णय लेने या नई ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी नियुक्त करने से रोका जाए, जब तक कोर्ट का अंतिम फैसला नहीं आता।

## ड्रग तस्कर ताहिर सलीम डोला को यूएई से लाने में सीबीआई सफल...




**मुंबई :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) एक ड्रग तस्कर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पित कर लाने में सफल रहा है। ताहिर सलीम डोला नामक ड्रग तस्कर को मुंबई पुलिस की तलाश थी। इसके खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि डोला को दुबई से उड़ान संख्या एआई-984 से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लाया गया। डोला पर महाराष्ट्र के सांगली में नशीले पदार्थों की फैक्टरी संचालित करने का आरोप है।

## ठाणे का मनोरोग अस्पताल बनेगा देश का मॉडल 124 साल बाद होगा ऐतिहासिक कायाकल्प



**ठाणे :** ठाणे शहर का 124 साल पुराना क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल अब आधुनिक रूप में सामने आने वाला है। राज्य सरकार ने इसके पूर्ण पुनर्निर्माण के लिए 560 करोड़ रुपए की मंजूरी दे दी है। अस्पताल को अब राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS) की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है, जो देश में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे प्रमुख संस्थान माना जाता है। यह परियोजना महाराष्ट्र में इस स्तर पर तैयार हो रहा पहला मनोरोग अस्पताल होगा। बता दें कि अस्पताल के जीर्ण-शीर्ण ढांचे को गिराने का कार्य पहले ही शुरू कर दिया गया है। नए परिसर में मानसिक रूप से बीमार मरीजों के इलाज के साथ-साथ उनके पुनर्वास और सामाजिक समावेश की पूरी व्यवस्था की जाएगी। खास बात यह है कि मरीज के साथ उसके परिजन को भी एक ही कमरे में रहने की सुविधा दी जाएगी, जिससे उपचार के दौरान भावनात्मक सहयोग मिल सके। अस्पताल में 'हाफवे होम' की व्यवस्था भी की जाएगी, जहां छुट्टी से पहले मरीजों को आत्मनिर्भर बनने का प्रशिक्षण मिलेगा।

## मुंबई : 2.55 करोड़ रुपए के सोने से भरा बैग ले जा रहे शख्स से बाइक सवार लूट कर फरार...

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को दिनदहाड़े डकैती के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें दो आभूषण स्टोर कर्मचारियों से 2.55 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग तीन किलो सोना लूट लिया गया था। पुलिस ने चोरी का सारा सोना बरामद कर लिया है।'

दक्षिण मुंबई के नागपाड़ा इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई जब डायना ब्रिज पर दिनदहाड़े करीब 2.55 करोड़ रुपए के सोने से भरा बैग ले जा रहे शख्स के पास से एक बाइक सवार लूट कर फरार हो गए. यह वारदात बिल्कुल फिल्मी अंदाज में अंजाम दी गई और पुलिस मामले में जांच कर रही है.




**2.55 किलो सोना लेकर कारखाना रवाना हुए थे शांताराम**

इस मामले में 49 वर्ष के शिकायतकर्ता शांताराम पावस्कर ने पुलिस को दिए अपने बयान ने बताया कि वो अपने भतीजे तेजस के साथ लोअर परेल स्थित एक ज्वेलरी शॉप से करीब ढाई किलो सोना लेकर कारखाने की ओर जा रहे थे। तभी सुबह 8:45 बजे जैसे ही वे डायना ब्रिज पर पहुंचे, पीछे से एक बाइक पर आए दो अज्ञात आरोपियों ने उन्हें टक्कर मारी और तेजी से बैग छीन लिया. यही नहीं, लुटेरे शिकायतकर्ता की स्कूटी की चाबी भी साथ ले गए ताकि वे पीछा न कर सकें.


## ठाणे में नाबालिग से दुष्कर्म आईआईटी का छात्र गिरफ्तार...



**ठाणे :** महाराष्ट्र की ठाणे पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में आईआईटी खड़गपुर के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता व पॉक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कलवा इलाके में रहने वाले आरोपी छात्र ने 13 वर्ष की दिव्यांग को नए कपड़ों का लालच देकर दुष्कर्म किया। आरोपी के मोबाइल से कई लड़कियों की आपत्तिजनक वीडियो व तस्वीरें मिली हैं। पुलिस को संदेह है कि उसने अन्य महिलाओं को भी निशाना बनाया है।

## मुंबई : घाटकोपर स्टेशन एक दर्दनाक हादसा... बुजुर्ग शख्स ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गैप में फंस गए

**मुंबई :** मुंबई से घाटकोपर स्टेशन एक दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक 50 साल का शख्स प्लेटफॉर्म और लोकल ट्रेन के गैप में गिरकर फंस गया। हादसा चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुआ। दरअसल, घाटकोपर स्टेशन पर एक बुजुर्ग शख्स मुंबई लोकल में चढ़ने की



कोशिश कर रहे थे इसी दौरान उनका बैलेंस बिगड़ गया और वो ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गैप में फंस गए। जैसे ही ये हादसा हुआ वहां मौजूद लोग उनकी मदद के लिए आगे आए और उन्हें निकालने की कोशिश की। प्रशासन ने लोगों की मदद से शख्स को बाहर निकाला तब बहुत देर हो चुकी थी। हादसा शाम 7 का बताया जा रहा है। कल्याण से CST जानेवाली लोकल में ये हादसा हुआ है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# मुंबई : महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने जारी किया टेंडर

## कमाठीपुरा का रीडेवलपमेंट अब पकड़ेगा तेजी...

**मुंबई :** महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी, किफायती आवास के लिए महाराष्ट्र राज्य का नोडल प्राधिकरण है। इस प्रोजेक्ट में मनोरंजन की सुविधाओं के साथ-साथ कमर्शियल प्रॉपर्टीज जैसी सुविधाएं भी शामिल होंगी। 34 एकड़ जमीन वाले कमाठीपुरा में 8,001 रेजिडेंशियल और नॉन-रेजिडेंशियल किरायेदार हैं" महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने दक्षिणी मुंबई में कमाठीपुरा क्लस्टर रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए लंबे समय से पेंडिंग टेंडर आखिरकार जारी कर दिया। इसे कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट मॉडल में जारी किया गया है। कमाठीपुरा एरिया को रीडेवलपमेंट की सख्त जरूरत है। इस टेंडर का जारी होना इस क्षेत्र के लिए एक नई उम्मीद बनकर आया है। महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी के अनुसार, 34 एकड़ जमीन वाले कमाठीपुरा में 8,001 रेजिडेंशियल और नॉन-रेजिडेंशियल किरायेदार हैं। उनमें से कई लोग बेहद पुराने, जीर्ण-शीर्ण हालत और खराब गुणवत्ता



वाले घरों में रहते हैं, जिन्हें 'सेस बिल्डिंग' के रूप में जाना जाता है। कमाठीपुरा क्षेत्र में लेन 1 से 15 तक लगभग 943 सेस बिल्डिंग हैं। इनमें लगभग 6625 रेजिडेंशियल और 1376 नॉन-रेजिडेंशियल किरायेदार/निवासी हैं। इस क्षेत्र की बिल्डिंग्स लगभग 100 साल पुरानी हैं। विनिंग बिडर के पास होंगे 61 लाख वर्ग फीट का एरिया डेवलप करने के अधिकार महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी, किफायती आवास के लिए महाराष्ट्र राज्य का नोडल प्राधिकरण है। महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने एक बयान में कहा कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से, जीतने वाले बिडर के पास लगभग 5.67 लाख वर्ग मीटर या लगभग 61 लाख वर्ग फीट का एरिया डेवलप करने के अधिकार होंगे। इसके अलावा, बोली लगाने वाले डेवलपर को क्षेत्र में निवासियों के लिए पुनर्वास इकाइयों का निर्माण करना होगा। साथ ही महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी को 44,000 वर्ग मीटर जमीन सौंपनी होगी, ताकि महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी अपने हाउसिंग स्टॉक को बढ़ा सके। इस प्रोजेक्ट में मनोरंजन की सुविधाओं के साथ-साथ कमर्शियल प्रॉपर्टीज जैसी सुविधाएं भी शामिल होंगी। कमाठीपुरा, एशिया के सबसे बड़े रेड-लाइट जिलों में से एक है। कमाठीपुरा में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर, हर तरह के सेक्स वर्कर हैं। इनमें से ज्यादातर सेक्स ट्रैफिकिंग का शिकार माने जाते हैं।

# मुंबई : विक्रोली रेलवे स्टेशन के पास फ्लाईओवर को आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा

**मुंबई :** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद विक्रोली रेलवे स्टेशन के पास फ्लाईओवर को आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। इस ब्रिज के शुरू होने से मुंबई के पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में आना-जाना आसान होगा। ब्रिज के जरिए ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे के जरिए पवई की तरफ जाने से वाहन चालकों का समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। साथ ही ब्रिज का फायदा घाटकोपर, विक्रोली और कांजुरमार्ग रेलवे स्टेशनों से 5 किलोमीटर के दायरे में आने-जाने वाले वाहनों को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि ब्रिज को शनिवार शाम 4 बजे यातायात के लिए खोलने का आदेश बीएमसी प्रशासन को दिया गया है।





सीएम ने कहा कि विक्रोली स्थित एलबीएस रोड से ईस्टर्न एक्सप्रेस-वे को जोड़ने वाले इस ब्रिज का काम पूरा हो गया है। बारिश के दौरान एलबीएस रोड पर ट्रैफिक जाम का लोगों को सामना करना पड़ता है।

**एकनाथ शिंदे और अजित पवार की ली सलाह**

फडणवीस ने कहा कि मैंने बिना देर किए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार की सहमति से ब्रिज को खोलने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री रहते हुए मैंने वर्ष 2018 में काम का आदेश दिया था। इस पर 105 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। बारिश के दौरान लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए ब्रिज को 14 जून को खोलने का आदेश दिया गया है। 615 मीटर लंबे इस ब्रिज के शुरू होने से लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत मिलने की उम्मीद है। ब्रिज के खुलने से लोगों के 25 से 30 मिनट का समय बचेगा।

**एक साल देरी से खुल रहा विक्रोली ब्रिज**

विक्रोली ब्रिज आखिरकार एक साल की देरी से 14 जून, 2025 को खुलने के लिए तैयार है। 10 साल पहले लेवल-क्रॉसिंग गेट बंद होने के बाद से विक्रोली पूर्व-पश्चिम कनेक्टिविटी एक बड़ी चुनौती रही है। मई 2018 में ब्रिज निर्माण के लिए वर्क ऑर्डर जारी किया गया था। इस ब्रिज का काम पूरा करने के लिए जून 2024 की डेडलाइन रखी गई थी। लेकिन काम में देरी की वजह से इस साल की शुरूआत में ब्रिज को मई के आखिरी तक खोलने की योजना थी, जो 14 जून को खुल रहा है। पूर्व सांसद मनोज कोटक ने कहा कि बीएमसी, राज्य और केंद्र सरकार से हमारे फॉलोअप का परिणाम है कि विक्रोली कनेक्टिविटी ब्रिज खुलने को तैयार है।

# मुंबई : बच्चों के फोटोशूट के नाम पर धोखाधड़ी !

**मुंबई :** बोरीवली पुलिस ने एक महिला से फर्जी बच्चों के फोटोशूट के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जयकिशन ओमप्रकाश सिंह और भगतसिंह ओमप्रकाश सिंह के रूप में हुई है, दोनों भाई हैं और पहले से ही कई आपराधिक मामलों में फरार थे। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता चार्मी पारेख बोरीवली में रहती है और उनकी 10 वर्षीय बेटी एक छात्रा है। उन्होंने पहले बेटी का एक प्रोफेशनल फोटोशूट करवा कर मॉडलिंग के लिए कई कंपनियों को तस्वीरें भेजी थीं। 26 मार्च को चार्मी को जयकिशन सिंह नामक व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को एक प्रसिद्ध कपड़ा ब्रांड का प्रतिनिधि बताया और कहा कि



उनकी बेटी को फोटोशूट के लिए चुना गया है। उसने प्रोसेसिंग फीस, कपड़ों के खर्च, स्टूडियो चार्ज, कूरियर शुल्क समेत कुल 28,547 रुपये की मांग की और वादा किया कि शूट के बाद सभी पैसे वापस कर दिए जाएंगे।


19 अप्रैल को चार्मी अपनी बेटी को लेकर गोरेगांव स्थित फिल्म सिटी पहुंचीं, लेकिन वहां कोई शूट नहीं था। जयकिशन का फोन बंद आ रहा था। उन्हें ठगी का अहसास होते ही उन्होंने बोरीवली पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

# नायर दंत अस्पताल में जमा हुआ 71 बोतल खून

**मुंबई :** सेंट्रल स्थित नायर अस्पताल दंत महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में 71 लोगों ने रक्तदान किया। यह शिविर हर साल 14 जून को मनाए जाने वाले विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में 13 जून को आयोजित किया गया। इस शिविर का आयोजन बा. य. ल. नायर चैरिटेबल अस्पताल और टोपीवाला नेशनल मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया गया। शिविर का उद्घाटन उप आयुक्त (सार्वजनिक स्वास्थ्य) शरद उघड़े द्वारा किया गया।

# मुंबई : आर्केड डेवलपर्स लिमिटेड ने 172 करोड़ रुपये में 6.28 एकड़ जमीन खरीदी

**मुंबई :** रियल एस्टेट कंपनी आर्केड डेवलपर्स लिमिटेड ने आवास के साथ वाणिज्यिक परियोजना विकसित करने के लिए यहां 172 करोड़ रुपये में 6.28 एकड़ जमीन खरीदी है। आर्केड डेवलपर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने 6.28 एकड़ जमीन के अधिग्रहण के साथ ठाणे



रियल एस्टेट बाजार में कदम रखा है।

कंपनी ने कहा कि स्टांप ड्यूटी सहित इस लेनदेन का मूल्य 172.48 करोड़ रुपये है। आर्केड डेवलपर्स 2,000 करोड़ रुपये के अनुमानित सकल विकास मूल्य (जीडीवी) के साथ एक मिश्रित उपयोग वाली परियोजना का निर्माण करेगी। परियोजना की शुरूआत अगले साल की शुरूआत में की जाएगी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com